## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **21-09-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1- शादी का झांसा देकर, दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-**



अवगत कराना है दिनांक 16.09.2025 को वादिनी निवासिनी थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की पुत्री को बहला फुसलाकर,शादी का झांसा देकर जबरदस्ती बलात्कार करना तथा शिकायत करने पर वादिनी के साथ गाली गलौच करना तथा जान से मारने की धमकी देने आदि के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-582/2025 धारा-87/65(1)/352/351(3) बीएनएस 2023 व 5L/6 पोक्सो एक्ट बनाम रितिक पुत्र दिनेश आदि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 21.09.2025 को उ0नि0 श्री सुशील चौधरी थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त रितिक पुत्र दिनेश निवासी सूरजनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

रितिक पुत्र दिनेश निवासी सूरजनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-329/2025 धारा-87/65(1)/352/351(3) बीएनएस 2023 व 5L/6 पोक्सो एक्ट

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

उ0नि0 श्री सुशील चौधरी

हे0का0 धनपाल, थाना कटघर, मुरादाबाद।

**2- अवैध चरस के साथ 02 आरोपीयों को थाना मझोला पुलिस ने किया गिरफ्तारः-**



अवगत कराना है आज दिनांक 21.09.2025 को उ0नि0 श्री कुलदीप कुमार थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी अंकित पुत्र ब्रजपाल निवासी सुर्यनगर लाइनपार थाना मंझोला व आकाश पुत्र सुभाष निवासी ग्राम ढक्का लाइनपार थाना मंझोला जनपद मुरादाबाद को अवैध 1 किलो 02 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध मे थाना मझोला पर मु0अ0सं0-904/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

1- अंकित पुत्र ब्रजपाल निवासी सुर्यनगर लाइनपार थाना मंझोला जनपद मुरादाबाद

2- आकाश पुत्र सुभाष निवासी ग्राम ढक्का लाइनपार थाना मंझोला जनपद मुरादाबाद ।

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-904/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट

**बरामदगीः-**

अवैध 1 किलो 02 ग्राम चरस

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:**

उ0नि0 कुलदीप कुमार
हे0का0 जगपाल सिंह,
हे0का0 प्रविन्द्र कुमार,
हे0का0 जितेन्द्र कुमार, थाना मझोला,मुरादाबाद।

**3-जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 25 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारंटी तथा 25 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**वारंटीः-**

**थाना मझोला-01, थाना भोजपुर-01, थाना बिलारी-01,**

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना मझोला-13, थाना कटघर-01, थाना सिविल लाइंस-06, थाना भोजपुर-02, थाना बिलारी-02, थाना कांठ-01,**